<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–08 मार्च 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगरा में एक हजार युवा उद्यमियों को वितरित किये ऋण। कहा– विकसित भारत बनाने में युवाओं की बड़ी भूमिका।
- मुख्यमंत्री ने मथुरा के बरसाना में की रंगोत्सव की शुरूआत। कहा– काशी और अयोध्या के कायाकल्प के बाद अब मथुरा और ब्रज भूमि का होगा विकास।
- प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने लखनऊ के भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में तीन दिवसीय राज्यस्तरीय एफपीओ मेला प्रदर्शनी का किया शुभारम्भ। कहा– तय समय–सीमा से पहले पूरा कर लिया गया एफपीओ के गठन का लक्ष्य।
- नीट यूजी–दो हजार पच्चीस के ऑनलाइन आवेदन पत्रों में सुधार के लिए नौ मार्च से दोबारा खुलेगा पोर्टल। ग्यारह मार्च तक आवेदन पत्र में सुधार कर सकेंगे अभ्यर्थी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगरा में कल सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत एक हजार युवाओं को ऋण वितरित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पिछले दस साल में भारत ने नई उपलब्धियों को प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि आने वाले दो वर्षों में भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। श्री योगी ने कहा कि विकसित भारत बनाने में युवा बड़ी भूमिका निभाएंगे।

***ये मुख्यमंत्री युवा उद्यमी स्कीम हम लोग आज यहां परआपके बीच में एक हजार नये उद्यमियों के साथ आपके सामने आए हैं और मैं भी देख रहा था यहां पर जो विभिन्न प्रकार के नये उद्यमियों ने अपने एक्जीबिशन लगाई हुई है। मैं उनको देख रहा था।उनमें कार्य करने का एक जज्बा है। उनके पास एक विजन है।जहां विजन है वहीं इनोवेशन भी है और इनोवेशन और विजन के साथ टेक्नोलॉजी मिल जाए तो फिर कहना ही क्या है कि समृद्धि आने से कोई रोक नहीं सकती है।***

इससे पहले कल सुबह मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री और महान स्वतंत्रता सेनानी भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की पुण्य तिथि पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल मथुरा के बरसाना में लाडली जी महाराज मंदिर में दर्शन–पूजन किया और फूलों तथा लड्डूमार होली के माध्यम से रंगोत्सव की शुरूआत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि काशी और अयोध्या के कायाकल्प के बाद अब मथुरा और ब्रज भूमि के विकास का समय आ गया है।

***इस बार हमने बजट में विशेष प्रावधान कर दिया है। जैसे अयोध्या में जैसे प्रयागराज में जैसे काशी में जैसे मां विन्ध्यवासिनी धाम में आपको दिखाई दे रहा है। यही हर विकास के कार्य इसी रूप में आगे बढ़ेंगे। अब तो बारी इसी ब्रजभूमि की है। मथुरा, वृंदावन, बरसाना, गोकुल, नंदगांव, गोवर्धन, बलदेव ये सभी पे विकास के लिए पैसे की कोई सीमा नहीं।***

मथुरा वृन्दावन में चालीस दिन तक चलने वाले रंगों के इस त्यौहार में शामिल होने के लिए देश विदेश से लोग पहुंचते हैं। इसके लिए ब्रज तीर्थ विकास परिषद और जिला प्रशासन ने विशेष तैयारियां की हैं। एक रिपोर्ट.....

***बरसाना में होली रंगोत्तसव का शुभारम्भ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया और राधारानी के दर्शन कर पुण्य लाभ कमाया। बरसाना के श्री लाडली जी मंदिर में 50 कुन्तल लड्डुओं से लड्डू मार होली खेली गई। नंदगांव के पांडा नृत्य से श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। चारों ओर राधे– राधे के जयघोष से माहौल भक्तिमय हो गया है।***

***होली उत्सव के क्रम में बरसाना में और 9 मार्च को नंदगांव में लट्ठमार होली खेली जाएगी। 10 मार्च को श्रीकृष्ण जन्मभूमि लठमार होली और वृंदावन में फूलों की होली खेली जाएगी। 11 को गोकुल में छड़ीमार होली खेली जाएगी। 13 मार्च को होलिका दहन के बाद 14 को पूरे ब्रज में धुडेली का आयोजन होगा। 15 मार्च को दाऊजी और नदंगाव में हुरंगा, और 22 मार्च को रंगनाथ मंदिर में होली उत्सव का आयोजन किया जायेगा।***

देश–विदेश से मथुरा पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को असुविधा ना हो इसके मद्देनज़र बरसाना में गाड़ियों के प्रवेश पर रोक लगाई गई है। ज़िलाधिकारी चन्द्र प्रकाश ने बताया कि इस पूरे आयोजन को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

***लोगों को असुविधा न हो, इसके लिए हम लोग कहां कहां पार्किंग है, कहां क्या सुविधाएं हैं उसे गूगल लिंक के माध्यम सेक्यूआर कोड स्कैनर दिया हुआ है। कोई भी इसको डाउनलोड कर लेगा कौन सी पार्किंग में कितना स्पेस खाली है, कहां हम जा सकते हैं, रास्ता क्या होगा वो सारी चीजें हम लोगों ने टेक्निक का भी प्रयोग किया है।***

**********

प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी ने कल वाराणसी के क्वींस इंटर कॉलेज में चल रही बोर्ड परीक्षा का निरीक्षण किया। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रदेश में बोर्ड परीक्षाएं सुचारू रूप से चल रही हैं।

*हमारी परीक्षा बहुत अच्छी प्रकार ऐसी संपन्न हो रही है और पूरे प्रदेश में ही सारी व्यवस्था सुचारू रूप ऐसी सदर रही है। मैं अपने शिक्षा विभाग के अधिकारियों के लिए बधाई देना चाहूँगी की सभी लोग तज्ञता के साथ लगे हुए है। चाहे हमारी शिक्षक शिक्षिका होए चाहे हमारे शिक्षा विभाग के अधिकारी हो। सभी लोग पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी के साथ में लगे हुए है।*

**********

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कल लखनऊ के भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में राज्यस्तरीय एफपीओ के तीन दिवसीय मेला प्रदर्शनी और कार्यशाला का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने कहा कि भारत सरकार ने दस हजार एफपीओ के गठन का लक्ष्य दिया था, जिसे तय समय सीमा से पहले ही पूरा कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में अड़तीस सौ तेरह एफपीओ शक्ति पोर्टल पर पंजीकृत हैं। उन्होंने यह भी बताया कि एफपीओ के गठन के लिये राज्य पोषित केन्द्रीय संस्थाओं को नामित किया गया है।

**********

आज अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस है। इस अवसर पर प्रदेश के लगभग सभी जिलों में विविध आयोजन किये जायेंगे। कई सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों ने महिला दिवस पर महिलाओं को सम्मानित करने के कार्यक्रम भी आयोजित किये हैं। उच्च शिक्षण संस्थानों में महिला सशक्तीकरण पर चर्चा के लिये संगोष्ठियां आयोजित की जायेंगी। आकाशवाणी समाचार भी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को अनूठे तरीके से मनाएगा। इस क्रम में आज सभी अंग्रेजी और हिंदी समाचार बुलेटिन महिला समाचार वाचकों द्वारा प्रस्तुत किए जाएंगे। इस दौरान अंग्रेजी और हिंदी में सभी मुख्य और प्रति घंटे के बुलेटिन और समाचार पत्रिका का कार्यक्रम भी महिला समाचार वाचकों द्वारा ही पढ़े जाएंगे। आज अंग्रेजी और हिंदी समाचार कक्ष का पूरा कार्यभार महिला कर्मियों द्वारा संभाला जाएगा।

**********

भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण सचिव संजय जाजू और महाराष्ट्र सरकार की मुख्य सचिव सुजाता सौनिक ने आज मुंबई वेव्स–दो हजार पच्चीस सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की सह–अध्यक्षता की। इस अवसर पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव श्री संजय जाजू ने कहा कि यह सम्मेलन मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र के लिए एक वैश्विक मंच है।

**********

नीट यूजी–दो हजार पच्चीस परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन पत्र की त्रुटियों में सुधार के लिए नौ मार्च से पोर्टल विंडो दोबारा खोली जायेगी। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के मुताबिक, अभ्यर्थी ग्यारह मार्च तक आवेदन पत्र में सुधार कर सकते हैं। एनटीए ने कहा है कि इसके बाद आवेदन भरने की समय सीमा बढ़ाई नहीं जाएगी। परीक्षा के लिये एक मई को अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड जारी किये जायेंगे। वहीं परीक्षा चार मई को एक शिफ्ट में दोपहर दो से पांच बजे के बीच कराई जायेगी।

**********

असम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह और नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी ने कल वाराणसी में तीन दिवसीय बनारस लिट फेस्ट का शुभारम्भ किया। इस मौके पर असम के राज्यपाल ने कहा कि काशी धर्म और साहित्य की नगरी है। राज्यसभा के उपसभापति ने कहा कि ऐसे आयोजन हमारी संस्कृति और सभ्यता को पुनः परिभाषित कर रहे हैं।

**********

प्रदेश के लगभग सभी जिलों में अगले चार–पांच दिन के दौरान तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जायेगी। मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान अधिकतम तापमान के तीन से पांच डिग्री और न्यूनतम तापमान के दो से तीन डिग्री बढ़ जाने का पूर्वानुमान है। मौसम शुष्क बना रहेगा।

**********

महिला प्रीमियर लीग के अन्तर्गत कल लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में गुजरात जायंट्स और डेल्ही कैपिटल्स के बीच मैच खेला गया। इस मैच में गुजरात जायंट्स ने डेल्ही कैपिटल्स को पांच विकेट से हरा दिया। टॉस जीत कर गुजरात की टीम ने दिल्ली को पहले बैटिंग करने के लिये आंमंत्रित किया। दिल्ली की टीम ने पहले खेलते हुए पांच विकेट खो कर एक सौ सतहत्तर रन बनाये। जवाब में उतरी गुजरात जाइंट्स ने इस लक्ष्य को तीन गेंद शेष रहते ही पा लिया और जीत दर्ज की।

**********